भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3405

उत्तर देने की तारीख : 09 दिसम्बर, 2019

इस्लामी संस्कृति का संवर्धन

3405. श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में इस्लामी संस्कृति के संवर्धन का विचार है;

(ख) सरकार द्वारा देश में इस्लामी कलाकारों के माध्यम से इस्लामी संस्कृति के प्रसार-प्रचार के लिए आबंटित की गई धनराशि कितनी है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान युवा कलाकारों को 400 छात्रवृत्तियां प्रदान करने की योजना के अंतर्गत लाभार्थी इस्लामी कलाकारों की वर्ष-वार सूची क्या है?

उत्तर

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : सरकार किसी विशेष समुदाय की संस्कृति पर विचार न करते हुए भारतीय कला और संस्कृति के सभी रूपों को बढ़ावा देती है।

(ख) : मंत्रालय द्वारा किसी विशेष समुदाय की संस्कृति के आधार पर बजट का आवंटन नहीं किया जाता है।

(ग) : प्रश्न नहीं उठता।

(घ) : 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति (एसवाईए)' स्कीम घटक के तहत छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों को शामिल किया गया है :-

(i) भारतीय शास्त्रीय संगीत

(ii) भारतीय शास्त्रीय नृत्य/ नृत्य संगीत

(iii) रंगमंच

(iv) दृश्य कलाएं

(v) सुगम शास्त्रीय संगीत

(vi) लोक, पारंपरिक और स्वदेशी कलाएं